हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
24 अक्तूबर 2023, बरेली

थिएटर फेस्टिवल के बारे में जानकारी देते एसआरएमएस के चेयरमैन देव मूर्ति।

थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रिद्धिमा में कल से शुरू

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्री राम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में तीसरे थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष 25 अक्तूबर से आरंभ होगा। यह जानकारी देते हुए एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने बताया कि इस बार थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष बरेली में रंगमंच के संस्थापक स्वर्गीय जेसी पालीवाल को समर्पित किया गया है।

उन्होंने बताया कि इंद्रधनुष का उद्घाटन 25 अक्टूबर को शाम पांच बजे शायर प्रो. वसीम बरेलवी करेंगे। इसके बाद एसआरएमएस रिद्धिमा की ओर से अश्वनी कुमार लिखित और शैलेंद्र शर्मा निर्देशित नाटक मैं अधर्मी क्यों... रावण का मंचन होगा। थिएटर फेस्टिवल का समापन 31 अक्टूबर को पंख थिएटर ग्रुप के नाटक अनकही अन-जली से किया जाएगा। इसके लेखक और निर्देशक अभिनेता और निर्देशक मुकुल नाग हैं। सभी नाटकों की अवधि सवा घंटे है। दर्शकों की सुविधा को देखते हुए पहले दिन को छोड़ कर सभी नाटकों का मंचन प्रतिदिन दो बार किया जाएगा। पहला शो शाम 4 बजे और दूसरा शो शाम 06:30 बजे आरंभ होगा। प्रेस कांफ्रेंस में श्रीराम मूर्ति स्मारक शिक्षण संस्थाओं के प्लेसमेंट सेल के निदेशक डा.अनुज कुमार मौजूद रहे।